विद्या सर्वार्थ साधिका

# आनंदालय
## बोर्ड पूर्व परीक्षा (प्री बोर्ड)
## कक्षा : बारहवीं

| | |
|---|---|
| विषय : हिंदी (302) | अधिकतम अंक : 80 |
| दिनांक : 26-12-2023 | अधिकतम समय : 3 घंटा |

सामान्य निर्देश :-

1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :-
2. इस प्रश्न पत्र में खण्ड 'अ' में वस्तुपरक तथा खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्न-पत्र के दोनों खण्डों में प्रश्नों की संख्या 14 है |
3. खंड 'अ' में कुल 06 उप-प्रश्नों सहित 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, सभी 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं |
4. खंड 'ब' में 08 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों के उचित आतंरिक विकल्प दिएगए हैं |
5. दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
6. यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए |
7. वस्तुपरक प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |

<u>खंड - 'अ'</u> (बहुविकल्पीय)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ाकर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :- (10x01=10)

मेरे मकान के आगे चौराहे पर ढाबे के आगे फुटपाथ पर खाना खाने वाले लोग बैठते हैं - रिक्शेवाले, मज़दूर, फेरीवाले, कबाड़ी वाले। आना-जाना लगा ही रहता है । लोग कहते हैं - "आपको बुरा नहीं लगता? लोग सड़क पर गंदगी फैला रहे हैं और आप इन्हें बरदाश्त कर रहे हैं? इनके कारण पूरे मोहल्ले की आबोहवा खराब हो रही है ।" मैं उनकी बातों को हल्के में ही लेता हूँ । मुझे पता है कि यहाँ जो लोग जुटते हैं वे गरीब लोग होते हैं । अपने काम-धाम के बीच रोटी खाने चले आते हैं और खाकर चले जाते हैं । ये आमतौर पर बिहार से आए गरीब ईमानदार लोग हैं जो हमारे इस परिसर के स्थायी सदस्य हो गए हैं । ये उन अशिष्ट अमीरों से भिन्न हैं जो साधारण-सी बात पर भी हंगामा खड़ा कर देते हैं । लोगों के पास पैसा तो आ गया पर धनी होने का गौरव नहीं आया । अधजल गगरी छलकत जाए की तर्ज पर इनमें दिखावे की भावना उबाल खाती है । असल में यह ढाबा हमें भी अपने माहौल से जोड़ता है । मैं लेखक हूँ तो क्या हुआ? गाँव के एक सामान्य घर से आया हुआ व्यक्ति हूँ । बचपन में गाँव-घरों की गरीबी देखी है और भोगी भी है । खेतों की मिट्टी में रमा हूँ, वह मुझमें रमी है । आज भी उस मिट्टी को झाड़झुड़ कर भले ही शहरी बनने की कोशिश करता हूँ, बन नहीं पाता । वह मिट्टी बाहर से चाहे न दिखाई दे, अपनी महक और रसमयता से वह मेरे भीतर बसी हुई है । इसीलिए मुझे मिट्टी से जुड़े ये तमाम लोग भाते हैं । इस दुनिया में कहा-सुनी होती है, हाथापाई भी हो जाती है लेकिन कोई किसी के प्रति गाँठ नहीं बाँधता । दूसरे-तीसरे ही दिन परस्पर हँसते-बतियाते और एक-दूसरे

के दुःख-दर्द में शामिल होते दिखाई पड़ते हैं । ये सभी कभी-न-कभी एक-दूसरे से लड़ चुके होते हैं लेकिन पता **नहीं** चलता कि ये लड़ चुके हैं । कल के गुस्से को अगले दिन धूल की तरह झाड़कर फेंक देते हैं।

(i) "इस दुनिया में कहा-सुनी होती है" - 'इस दुनिया' का संकेत है :

(क) गाँव से शहर आ बसे गरीब (ख) शहर से गाँव आ बसे मजदूरों की दुनिया

(ग) लेखक को उकसाने वाला पड़ोस (घ) अमीर किंतु अशिष्ट लोग

(ii) प्रस्तुत गद्यांश साहित्य की किस विधा के अंतर्गत आएगा?

(क) कहानी (ख) जीवनी (ग) संस्मरण (घ) रेखाचित्र

(iii) साधारण बात पर भी हंगामा कौन खड़ा कर देते हैं?

(क) लेखक के परिचित लोग (ख) अशिष्ट रेहड़ी-पटरी वाले

(ग) गाँव से आए गरीब मजदूर (घ) अमीर किन्तु असभ्य लोग

(iv) लेखक लोगों की शिकायतों को हल्के में लेता है, क्योंकि :

(क) शिकायत करना लोगों की आदत होती है

(ख) वह किसी बात को गंभीरता से नहीं लेता

(ग) लेखक उन्हें जानता-पहचानता है

(घ) जुटने वाले लोग गरीब और ईमानदार हैं

(v) लेखक से लोग क्यों पूछते हैं कि क्या आपको बुरा नहीं लगता?

(क) वे लोग आसपास गंदगी बिखेर देते हैं । (ख) वे लेखक से रुष्ट रहते हैं

(ग) उन्हें गरीबों से मेल-जोल पसंद नहीं । (घ) वे गंदे लोग हैं ।

(vi) चौराहे पर ढाबे के आगे फुटपाथ पर खाना खाने वाले लोग बैठते हैं-

(क) रिक्शेवाले, अमीर लोग , फेरीवाले, वाले।

(ख) रिक्शेवाले, मजदूर, पुजारी, कबाड़ी वाले।

(ग) रिक्शेवाले, मजदूर, चोर, कबाड़ी वाले।

(घ) रिक्शेवाले, मजदूर, फेरीवाले, कबाड़ी वाले।

(vii) सड़क पर गंदगी फैला रहे हैं -

(क) लोग (ख) आदमी (ग) अमीर (घ) गंदे लड़के

(viii) आमतौर पर कहाँ से आए गरीब ईमानदार लोग हैं-

(क) गुजरात के लोग (ख) उत्तर प्रदेश के लोग

(ग) बिहार के लोग (घ) हिमाचल के लोग

(ix) उन अशिष्ट ................से भिन्न हैं जो साधारण-सी बात पर भी हंगामा खड़ा कर देते हैं । -

(क) गरीबों (ख) कबाडियों (ग) अमीरों (घ) रिक्शावालों

(x) 'आबोहवा' का शाब्दिक अर्थ है -

(क) किसी स्थान का खनिज और पानी (ख) किसी स्थान का हवा और लौह

(ग) किसी स्थान का हवा और लोग (घ) किसी स्थान का हवा और पानी

2. दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :- (01x05=05)

आज जीत की रात
पहरुए, सावधान रहना।
खुले देश के द्वार
अचल दीपक समान रहना
प्रथम चरण है नये स्वर्ग का
है मंजिल का छोर
इस जन-मंथन से उठ आई
पहली रतन हिलोर

अभी शेष है पूरी होना
जीवन मुक्ता डोर
क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की
विगत साँवली कोर
ले युग की पतवार
बने अंबुधि समान रहना
पहरुए, सावधान रहना
ऊँची हुई मशाल हमारी

आगे कठिन डगर है।
शत्रु हट गया, लेकिन उसकी
छायाओं का डर है,
शोषण से मृत है समाज ,
कमज़ोर हमारा घर है।
किंतु आ रही नई जिंदगी
यह विश्वास अमर है।

(i) कविता देश की कौन-सी सुखद घटना की ओर संकेत करती है ?

(क) युद्ध में जीत (ख) 15 अगस्त की सुखद घटना
(ग) गणतंत्र दिवस की सुखद घटना (घ) युद्ध में हार

(ii) 'पहरुए' का 'दीपक' और 'अंबुधि' के समान बने रहने को क्यों कहा गया है?

(क) क्योंकि दीपक ही प्रकाश देता है और अपनी गहराई से सबको प्रेरणा देता है।
(ख) दीपक और सागर के समान परोपकारी बनने की प्रेरणा
(ग) दीपक और सागर के समान अटल बनने की प्रेरणा
(घ) दीपक और सागर की तरह महान बनने की प्रेरणा

(iii) 'शोषण से मृत है समाज कमज़ोर हमारा घर है' - पंक्ति का अर्थ क्या है?

(क) देश की हालत खस्ता है।
(ख) देश की आर्थिक स्थिति दयनीय है।
(ग) देश की सामाजिक स्थिति ठीक नहीं है।
(घ) देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था कमजोर है।

(iv) 'ले युग की पतवार बने अंबुधि समान रहना' पंक्ति में अलंकार है?

(क) उत्प्रेक्षा (ख) रूपक (ग) उपमा (घ) मानवीकरण

(v) 'पहरुए' पर्याय है -

(क) देश का सिपाही (ख) पुलिस में (ग) सी.आर.पी.एफ. (घ) होमगार्ड

3. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- (05x01=05)

(i) आलेख कुछ-कुछ फीचर जैसा होता है फिर भी दोनों में पर्याप्त अंतर है | अतः आलेख का निम्नलिखित में से विषय नहीं हो सकता है ?

(क) ब्रेकिंग न्यूज (ख) राजनीति (ग) खेलकूद (घ) समसामयिक

(ii) बीट कवर करने वाले रिपोर्टर को पत्रकारिता जगत में किस नाम से बुलाते हैं ?

(क) संवाददाता (ख) अंशकालिक पत्रकार (ग) फ्रीलांस पत्रकार (घ) रिलांस पत्रकार

(iii) अक्षत एक पत्रकार हैं। वे सामान्य समाचारों से आगे बढ़कर खेल से जुड़ी या इस जुड़ी घटनाओं मुद्दों और समस्याओं का बारीकी से विश्लेषण करते हैं। उनकी रिपोर्टिंग को क्या कहा जा सकता है?

(क) बीट रिपोर्टिंग (ख) फ्मेंरीलांसिंग (ग) विशेषीकृत रिपोर्टिंग (घ) एंकरिंग

(iv) सुधीर चौधरी एक एक पत्रकार हैं | वे आर्थिक जगत की खबरें बड़ी दिलचस्पी और सक्रियता से कवर करते हैं | उनकी रूचि और रुझान के अनुसार वे क्या बन सकते हैं ?

(क) लेखक (ख) पाठक (ग) स्तम्भ लेखक (घ) विषय विशेषज्ञ

(v) ऐसा सुव्यवस्थित. सृजनात्मक और आत्मनिष्ठ लेखन, जिसके माध्यम से सूचनाओं के साथ-साथ मनोरंजन पर भी ध्यान दिया जाता है, उसे कहते हैं ?

(क) समीक्षा करना (ख) फीचर लेखन (ग) आलेख लेखन (घ) रिपोर्ट बना

4. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :- (05x01=05)

मैं निज उर के उद्गार लिए फिरता हूँ,
मैं निज उर के उपहार लिए फिरता हूँ;
है यह अपूर्ण संसार न मुझको भाता,
मैं स्वप्नों का संसार लिए फिरता हूँ!
जला हृदय में अग्नि, दहा करता हूँ,
सुख-दुःख दोनों में मग्न रहा करता हूँ;
जग भव-सागर तरने को नाव बनाए,
मैं भव मौजों पर मस्त बहा करता हूँ!

(i) कवि के स्वप्नों का संसार है -

(क) यथार्थ (ख) आदर्श (ग) स्वप्निल (घ) सुखी

(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए पद्यांश के अनुसार सही कथन को चयनित कर लिखिए-

(क) स्मृतियों की नाव में कवि एक यात्री है
(ख) कविता में अग्नि परिवर्तन की इच्छा का प्रतीक है
(ग) यथार्थ संसार से कवि को कोई सरोकार नहीं है
(घ) सुख-दुःख का असर कवि पर होता है

(iii) काव्यांश में 'उर' से तात्पर्य है -

(क) हृदय (ख) इच्छा (ग) स्मृति (घ) आवेश

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A) : यथार्थ को स्वीकार नहीं करने से कवि के स्वप्न अधूरे रह गए हैं |

कारक (R) : कल्पना और वास्तविकता में सामंजस्य की कमी होने से कवि को संसार अधुरा होता है |

(क) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है |
(ख) कथन (A) सही नहीं है, कारण (R) सही है|
(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है, किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता
(घ) कथन (A) सही है तथा कारण (R) दोनों कारण (R) दोनों सही है, कारण (R) कथन की सही व्याख्या करता है |

(v) भव मौजों पर मस्त बहने तात्पर्य क्या है ?

(क) सांसारिक सुख रूपी लहरें (ख) मौज-मस्ती करना

(ग) स्वप्न में उपजी सुख-दुःख की लहरें (घ) नाव जैसी बहाने वाली भावुकता

5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :- (05x01=05)

मैंने मन में कहा, ठीक बाजार आमन्त्रित करता है कि आओ मुझे लूटो और लूटो। सब भूल जाओ, मुझे देखो। मेरा रूप और किसके लिए है ? मैं तुम्हारे लिए हूँ । नहीं कुछ चाहते हो तो भी देखने में क्या हरज है । अजी आओ भी । इस आमन्त्रण में यह खूबी है कि आग्रह नहीं है आग्रह तिरस्कार जगाता है। लेकिन ऊँचे बाजार का आमन्त्रण मूक होता है और उससे चाह जगती है । चाह मतलब अभाव। चौक बाजार में खड़े होकर आदमी को लगने लगता है कि उसके अपने पास काफी नहीं है। और चाहिए, और चाहिए। मेरे यहाँ कितना परिमित है और यहाँ कितनी अतुलित है। ओह! कोई अपने को न जाने तो बाजार का यह चौक उसे कामना से विकल बना छोड़े। विकल क्यों पागल। असन्तोष, तृष्णा और ईर्ष्या से घायल कर मनुष्य को सदा के लिए बेकार बना सकता है।

(i) बाज़ार में एक ................ होता है |

(क) भूत (ख) मालिक (ग) जादू (घ) सेवक

(ii) बाजार आमन्त्रित करता है-

(क) औरतों को (ख) आदमियों को (ग) ग्राहकों को (घ) लड़कों को

(iii) कौन आमंत्रण मूक हो कर देता है ?

(क) विक्रेता (ख) समझदार को (ग) ग्राहक (घ) बाज़ार

(iv) बाज़ार में खड़े होने के बाद बढ़ जाती है -

(क) लालच (ख) आवश्यकता (ग) मनोकामना (घ) कुछ भी नहीं

(v) असन्तोष, तृष्णा और ईर्ष्या से घायल कर किसको सदा के लिए बेकार बना डाल सकता है-

(क) मजदूरों को (ख) मनुष्य को (ग) जानवरों को (घ) बुद्धिमानों को

6. निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :- (10x01=10)

(i) 'अतीत में दबे पांव" नामक पाठ के लेखक कौन है -

(क) आम थानवी (ख) एम थानवी (ग) ओम थानवी (घ) ओम नाथवानी

(ii) "अतीत में दबे पांव" पाठ क्या हैं -

(क) एक आत्मकथा और रिपोर्ताज (ख) एक यात्रा वृत्तांत और रिपोर्ताज

(ग) एक रिपोर्ट और रिपोर्ताज (घ) एक पटकथा और रिपोर्ताज

(iii) मोहनजोदड़ो किस नदी के तट पर स्थित हैं -

(क) ब्रह्मपुत्र नदी (ख) गंगा नदी (ग) कावेरी नदी (घ) सिंधु नदी

(iv) मुअनजो -दड़ो का अर्थ क्या है -

(क) मृतकों या मुर्दों का टीला (ख) जीवित या मुर्दों का टीला

(ग) नवजवान मुर्दों का टीला (घ) जीवितों का टीलामृतकों या मुर्दों का

(v) कहानी के शीर्षक 'जूझ' का अर्थ है-

(क) चालाकी (ख) मेहनत (ग) संघर्ष (घ) कठिनाई

(vi) पढ़ाई के लिए लेखक अपनी माँ के साथ किसके पास गया?

(क) दत्ता जी राव (ख) दादा सौंदलगेकर (ग) सौंदलगेकर (घ) इनमें से कोई नहीं

(vii) लेखक पढ़ना क्यों चाहता है?

(क) ज्ञान के लिए (ख) नौकरी के लिए (ग) विद्वान बनने के लिए (घ) कवि बनने के लिए

(viii) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के कथानायक का नाम क्या है?

(क) किशनदा (ख) भूषण (ग) चड्ढा (घ) यशोधर बाबू

(ix) यशोधर बाबू के विवाह की कौन-सी वर्षगाँठ मनाई गई?

(क) बीसवीं (ख) तीसवीं (ग) पच्चीसवीं (घ) चालीसवीं

(x) यशोधर बाबू का अपने बच्चों के प्रति कैसा व्यवहार था?

(क) स्नेहपूर्ण (ख) ईर्ष्यापूर्ण (ग) घृणापूर्ण (घ) अलगाव भरा

**खंड- 'ब ' (वर्णनात्मक)**

7. निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेखन कीजिए | (06x01=06)

I. डमी स्कूल : शिक्षा के साथ एक समझौता

II. परीक्षा तनाव के कारण व इसे रोकने के उपाय

III. उच्च शिक्षा हेतु छात्रों का विदेशों को पलायन

8. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 40 शब्दों में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (02x02=04)

(I) पत्रकारीय लेखन क्या है?

अथवा

(ख) प्रिंट माध्यम के लेखकों को किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(II) (क) कविता के प्रमुख घटकों को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

अथवा

(ख) कहानी लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चिहिए ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :- (03x02=06)

(i) रेडिओ नाटक की कहानी में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

(ii) अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर 60-70 शब्दों में उत्तर लिखिए -
अक्ल बड़ी या भैंस, चलती का नाम गाड़ी

(iii) कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :- (03x02=06)

(i) कविता के बहाने' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए *?*

(ii) चौकोने छोटे खेत को कवि ने कागज़ का पन्ना क्यों कहा है *?* उस खेत में 'रोपाई के क्षण की और कटाई के अनंतता' का वर्णन कैसे किया गया है *?*

(iii) बात सीधी थी पर कविता में कवि क्या कहता है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |

11. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 40 शब्दों में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (02x02=04)

(i) 'पतंग' कविता में चित्रित यादों के बीत जाने के बाद के प्राकृतिक परिवर्तनों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ii) काव्य-सौंदर्य स्पष्ट करें-

आँगन में लिए चाँद के टुकड़े को खड़ी
हाथों पे झुलाती है उसे गोद-भरी
रह-रह के हवा में जो लोका देती है

(iii) 'बादल राग' कविता में प्रकृति का मानवीकरण किया गया है। आपको प्रकृति का कौन-सा मानवीय रूप पसंद आया और क्यों ?

12. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :- (03x02=06)

(i) महादेवी वर्मा और भक्तिन के संबंधों की तीन विशिष्टताओं का उल्लेख कीजिए।

(ii) दिन-दिन गहराते पानी के संकट से निपटने के लिए क्या आज का युवा वर्ग 'काले मेघा पानी दे' की इंदर सेना की तर्ज पर कोई सामूहिक आंदोलन प्रारंभ कर सकता है? अपने विचार लिखिए।

(iii) पहलवान लुट्टन सिंह को राजा साहब की कृपादृष्टि कब प्राप्त हुई ? वह उन सुविधाओं से वंचित कैसे हो गया?

13. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में निर्देशानुसार दीजिए - (02x02=04)

(i) किस तरह का बाज़ार आदमी को ज्यादा आकर्षित करता है?

(ii) आंबेडकर के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए – गर्भधारण के समय से ही मनुष्य का पेशा निर्धारित कर दिया जाता है। क्या आज भी यह स्थिति विद्यमान है।

(iii) जाति-प्रथा भारतीय समाज में बेरोजगारी व भुखमरी का भी एक कारण कैसे बनती रही हैं ? क्या यह स्थिति आज भी हैं?

14. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में निर्देशानुसार दीजिए - (02x02=04)

(i) सिल्वर वैडिंग' वर्तमान युग में बदलते जीवन-मूल्यों की कहानी है। सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ii) आपके खयाल से पढ़ाई-लिखाई के संबंध में लेखक और दत्ताजी राव का रवैया सही था या लेखक के पिता का ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

(iii) टूटे-फूटे खंडहर, सभ्यता और संस्कृति के इतिहास के साथ-साथ धड़कती जिंदगियों के अनछुए समयों को भी दस्तावेज़ होते हैं-इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।